# परीक्षा हायर सेकण्डरी
# (Higher Secondary Examination)
# विषय – भूगोल
# (Subject -Geography)
# आदर्श प्रश्न पत्र–सेट ''सी''

समय – 3 घण्टे  पूर्णांक – 75 अंक

Time - 3 Hours  Max. Marks - 75

निर्देश –

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न–पत्र में दिए गए निर्देश सावधानीपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(3) प्रश्न क्र. 1 से 4 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनके अंतर्गत रिक्त स्थान की पूर्ति, एक एक वाक्य में उत्तर देना, सही जोड़ी बनाना तथा सही विकल्प का चयन करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक आवंटित हैं।

(4) प्रश्न क्र. 5 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक आवंटित हैं।

(5) प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक आवंटित हैं।

(6) प्रश्न क्रमांक 16 में 6 अंक आवंटित हैं।

(7) प्रश्न क्रमांक 5 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(8) प्रश्न क्रमांक 13 को विश्व के मानचित्र में अंकित कीजिए तथा मानचित्र को अपनी उत्तर–पुस्तिका में संलग्न कीजिए।

**Instruction -**

(1) All questions are compulsory.

(2) Read the instruction of question paper carefully and answer the questions.

(3) Question No. 1 to 4 are objective types which contain fill in the blanks, Answer in one sentence, Match the pairs and choose the correct answer Each question is allotted 5 marks

(4) Question No. 5 to 10 carry 4 marks each.

(5) Question No. 11 to 15 carry 5 marks each.

(6) Question No. 16 Carries 6 marks

(7) Internal options are given in question No. 5 to 16

(8) Show question No. 13 in the outline map of world and attach the map in your answer book.

# प्रादर्श प्रश्न–पत्र (भूगोल)

1. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 5 अंक

(अ) ................................ को भारत का मानचेस्टर कहा जाता है।

(ब) मानव को पृथ्वी की उपज ................................ ने बताया है।

(स) फ्रेडरिक रैटजेल ...................................देश के भूगोवेत्ता थे।

(द) भारत का ज्वारीय बंदरगाह ............................ है।

(इ) आधुनिक सभ्यता का आधार ........................... उद्योग है।

Fill in the blanks of the following

(a) ________________is stated as Manchster of India

(b) _______________ Stated human as a born of Earth.

(c) Fedrik Retzel was famous Geographist of ___________ Country

(d) ______________is tide port of India

(e) ________________ Industry is the root of modern civilization.

2. निम्नलिखित में से प्रत्येक का एक वाक्य में उत्तर लिखिए 5 अंक

(अ) भारत का राष्ट्रीय पक्षी कौन सा है ?

(ब) अभ्रक उत्पादन में भारत का विश्व में कौन सा स्थान है ?

(स) मानव भूगोल का यथार्थ विभाजन किसने किया ?

(द) सर्वप्रथम सुपर कम्प्यूटरर बनाने वाला कौन सा देश है ?

(इ) निजी क्षेत्र के उद्योगों पर किस का स्वामित्व होता है ?

Answer the following in one sentence each

(i) Which is the National bird of India ?

(ii) What is the position of India in world in area of Mica Production ?

(iii) Who as done the real classification of Human Geography ?

(iv) Which country prepared super computer for first time ?

(v) Who possesses the private sector of Industries?

3. सही जोड़ी बनाइये। 5 अंक

| | ‘अ’ | | ‘ब’ |
|---|---|---|---|
| 1. | लौह–स्पात उद्योग | 1. | कानपुर |
| 2. | सूती वस्त्र उद्योग | 2. | बंगलौर |
| 3. | पेट्रो रसायन उद्योग | 3. | जमशेदपुर |
| 4. | चीनी उद्योग | 4. | तक्षशिला और ना लंदा |
| 5. | ज्ञान आधारित उद्योग | 5. | सूरत |

Match the columns :

| | "A" | | "B" |
|---|---|---|---|
| 1. | Iron-Steel Industry | 1. | Kanpur |
| 2. | Cotton Textile Industry | 2. | Bagalore |
| 3. | Petro-chemical industry | 3. | Jamshedpur |
| 4. | Sugar Industry | 4. | Takshila and Nalanda |
| 5. | Knowledge based industry | 5. | Surat |

4. सही विकल्प का चयन की कीजिये। 5 अंक

(अ) सही विकल्प चयन कीजिए :–

(1) बागानी फसल है –

(अ) धान (चावल) (ब) गेहूं

(स) जूट (द) चाय

(2) भारत की सबसे लम्बी गैस पाइप लाइन है –

(अ) बरौनी से दिल्ली (ब) हजीरा से जगदीशपुर

(स) अहमदाबाद से मथुरा (द) आनंद से अहमदाबाद

(3) भारत में सबसे अधिक साक्षरता दर किस राज्य में है –

(अ) पश्चिम बंगाल (ब) उत्तर प्रदेश

(स) केरल (द) मध्यप्रदेश

(4) खनिज आधारित उद्योग है :–

(अ) लौह–स्पात (ब) जूट उद्योग

(स) शक्कर उद्योग (द) कागज उद्योग

(5) पिट्सबर्ग औद्योगिक क्षेत्र किस उद्योग के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है–

(अ) लौह–स्पात उद्योग (ब) मोटर उद्योग

(स) वस्त्र उद्योग (द) रसायन उद्योग

Select the correct answer -

**(1) Plantation crop is-**

(a) Pedy (Rice) (b) Wheat

(c) Jute (d) Tea

**(2) Longest gas pipe line of India is -**

(a) Barauni to Delhi (b) Hajira to Jagdeshpur

(c) Ahamdabad to Mathura (d) Anand to Ahmadabad

**(3) In which state of India Litracy rate is maximum-**

(a) West Bengal (b) Uttar Pradesh

(c) Kerla (d) Madhya Pradesh

**(4) Minral based industry is -**

(a) Iron steel industry (b) Jute Industry

(c) Sugar Industry (d) Paper Industry

**(5) For which industry pitsburg industrial ara is specially famous-**

(a) Iron steel Industry (b) Motor Industry

(c) Textile Industry (d) Chemical Industry

5. आधुनिक नगरों की कोई चार विशेषताएं लिखिए। 4 अंक

Write any four characteristics of Modern Cities

अथवा **(OR)**

ग्रामीण अधिवासों के प्रकार लिखिए।

Write the types of rural settlements.

6. वायु परिवहन की कोई चार उपयोगिताएं लिखिए। 4 अंक

Write any four uses of air transport.

अथवा **(OR)**

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के कोई चार प्रमुख लाभ लिखिए।

Write four main advantages of international trade.

7. भारत में जनसंख्या वृद्धि को सीमित रखने के लिए कोई चार उपाय लिखिए? 4 अंक

Write any four suggestions to control the population growth of India ?

अथवा **(OR)**

भारतीय जनसंख्या की कोई चार विशेषताएं लिखिए ?

Write any four characteristics of Indian Population ?

8. प्रतिरक्षा नगर एवं धार्मिक नगर से क्या आशय है ? इनमें उदाहरण सहित अंतर लिखिए। 4 अंक

What do you mean by defence town and religious town ? Write the differences with example ?

अथवा **(OR)**

नगर ही विभिन्न व्यवसायिक गति विधियों के केन्द्र होते हैं, स्पष्ट कीजिए।

Cities are the centre of different commercial activities, explain.

9. आन्तरिक जल परिवहन एवं तटवर्ती जल परिवहन में चार अंतर लिखिए। 4 अंक

Write four differences between inland water transport and coastal water transport

अथवा **(OR)**

भारत में सड़कों की कोई चार विशेषताएं लिखिए।

Write any four problems of Roads in India.

10. भूमि की गुणवत्ता घटने के कोई चार कारण लिखिए ? 4 अंक

Write any four reasons of Land digradation ?

अथवा

भारत में गरीबी दूर करने के कोई चार उपाय लिखिए।

Write any four solution of poverty in India

अथवा **(OR)**

11. अमेजन नदी बेसिन क्षेत्र मलेशिया से पिछड़ गया है, क्यों ? 4 अंक

Why has Amazon rive basin left out in the development in comparison with Malasia ?

अथवा **(OR)**

जनसंख्या की तीव्र वृद्धि के फलस्वरूप विकास पर पड़ने वाले कोई पांच प्रभाव लिखिए?

Write any five influences of rapid growth of population on the development.

12. कुटीर उद्योग और वृहत्–उद्योग में कोई पांच अंतर लिखिए। 5 अंक

Write any five differences between Cottage industry orr large scale industry.

अथवा **(OR)**

जीविकोपार्जन कृषि क्या है ? इसकी कोई चार विशेषताएं लिखिए।

What is subsistance agriculture ? Write any four characteristics of it.

13. विश्व के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :– 5 अंक

(1) केप काहिरा रेलमार्ग

(2) पनामा नहर

(3) मैक्सिको की खाड़ी

(4) कोलकाता बन्दरगाह

(5) पर्थ नगर

Show the following in the map of world

(i) Cape-Cahira Rail Route

(ii) Panama Canal

(iii) Bay of Maxico

(iv) Kolkata Port

(v) Parth Town

अथवा **(OR)**

विश्व के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए।

(1) नील नदी (2) हिन्द महासागर

(3) सिंगापुर (4) न्यूयार्क से लंदन मार्ग

(5) आस्ट्रेलिया ट्रांस कॉन्टिनेण्टल रेल मार्ग

Show the following in the map of world

(i) Neel River (ii) Indian Ocean

(iii) Singapore (iv) Newyork to London Sea route

(v) Australia trans-Continental Railway route

14. चाय की उपज के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाएं लिखिए। 5 अंक

Write the required geographical conditions for Tea cultivation.

अथवा **(OR)**

उद्योगों की स्थापना पर प्रभाव डालने वाले पांच प्रमुख कारकों को उदाहरण सहित लिखिए।

Write five factors effecting the establshment of industries with examples.

15. दूरियों को कम करने में संचार के साधन किस प्रकार योगदान करते हैं, स्पष्ट कीजिए। 6 अंक

How the means of communications reduces the distances, explain.

अथवा **(OR)**

भारत में जल परिवहन का महत्व लिखिए।

Write the importance of water transport in India.

16. सदाबहार वन और पतझड़ वन (मानसूनी) वनों में कोई छः अंतर लिखिए। 6 अंक

Write any six differences between evergreen forest and monsoon forest.

अथवा **(OR)**

पशु संसाधनों का महत्व लिखिए।

Write the importance of animal resources.

परीक्षा हायर सेकण्डरी

**(Higher Secondary Examination)**

विषय – भूगोल

**(Subject -Geography)**

आदर्श उत्तर– सेट ''सी''

1. आदर्श उत्तर :– 5 अंक

रिक्त स्थानों की पूर्ति

(अ) अहमदाबार

(ब) कुमारी ई.सी. सैम्पुल

(स) जर्मनी

(द) कोलकत्ता

(ड) लौह–स्पात

(प्रत्येक सही पर 1 अंक तथा 5 सही पर पूर्ण 5अंक प्राप्त होंगे)

2. आदर्श उत्तर :– 5 अंक

एक वाक्य में उत्तर :–

(अ) भारत का राष्ट्रीय पक्षी मोर है।

(ब) अभ्रक उत्पादन में भारत का विश्व में प्रथम स्थान है।

(स) मानव भूगोल का यथार्थ विभाजन जीनब्रूश ने किया।

(द) सर्वप्रथम सुपर कम्प्यूटर बनाने वाला देश संयुक्त राज्य अमेरिका है।

(ड) निजी क्षेत्र के उद्योगों पर व्यक्ति विशेष का अधिकार होता है।

(प्रत्येक सही पर 1 अंक तथा 5 सही पर पूर्ण 5अंक प्राप्त होंगे)

3. सही जोड़ी बनाइये। 5 अंक

| | 'अ' | 'ब' |
|---|---|---|
| 1. | लौह–स्पात उद्योग | 1. जमशेदपुर |
| 2. | सूती वस्त्र उद्योग | 2. सूरत |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | पेट्रो रसायन उद्योग | 3. | बंगलौर |
| 4. | चीनी उद्योग | 4. | कानपुर |
| 5. | ज्ञान आधारित उद्योग | 5. | तक्षशिला ओर नालंदा |

(प्रत्येक सही पर 1 अंक तथा 5 सही पर पूर्ण 5अंक प्राप्त होंगे)

4. सही विकल्प का चयन :– 5 अंक

(i) (द) चाय

(ii) (ब) हजीरा से जगदीशपुर

(iii) (स) केरल

(iv) (अ) लौह–स्पात उद्योग

(v) (अ) लौह स्पात उद्योग

(प्रत्येक सही पर 1 अंक तथा 5 सही पर पूर्ण 5अंक प्राप्त होंगे)

5. आधुनिक नगरों की विशेषताएँ :– 4 अंक

(अ) आधुनिक नगर विस्तृत क्षेत्रों में स्थित होते है। इनमें बड़ी बड़ी सड़के बाजार व चौड़ी गलियां चौड़ी होती है।

(ब) ये नगर ज्यामितीय आकारो के साथ कटे हुए प्लाटों में बसे होते है। इनमें आधुनिक परिवहन, बिजली पानी की पूरी पूरी सुविधा होती है।

(स) श्रम विभाजन एवं विशिष्टीकरण अपनी चरम सीमा पर होते है।

(द) इनमें खाद्यानों की सुविधा होती है। शीत भंडारो में खाद्य पदार्थ तथा दवाइंया आदि सुरक्षित रखी जाती है।

(इ) इन नगरों में कला कौशल, साहित्य, विज्ञान, शिक्षा स्वास्थय रक्षा, बीमा बैंकिंग, पुस्तकालय, अजायबघर, इम्पोरियम, व्यापार केन्द्र, सिनेमा घर, थियेटर खेल के मैदान, उद्यान आदि सुविधाएं पायी जाती है।

(उपरोक्त में से कोई 4 सही बिन्दु लिखने पर प्रत्येक पर 1 अंक तथा 4 सही पर 4 अंक प्राप्त होंगे। )

(अथवा )

आदर्श उत्तर :–

ग्रामीण अधिवास निम्नलिखित चार प्रकार के होते है। :–

(अ) **सघन बस्तीः**– इस बस्ती में मकान पास पास एक दूसरे से जुड़े हुए तथा गलियां सकरी होती है। गॉव के केन्द्र में जन संख्या का संकेन्द्रण होता है। मकान बिना किसी योजना के बने होते है। इनमें जनसंख्या प्रायः अधिक होती है। गंगा, ब्रम्हपुत्र के उपजाउ मैदानों में सघन बस्तियां मिलती है।

(ब) **संयुक्त बस्ती** :– इस बस्ती में एक मुख्य गॉव व गांवो के बाहर उसके पुरवे बसे होते है। गांव के बाहर अधिक टोले बसे होने का मुख्य कारण बस्ती का ज्यादा बड़ा आकार, सघन बसाव एवं स्थान का अभाव होना होता है। गंगा यमुना के मैदानो में ये बस्तियां मिलती है।

(स) **अपरखंण्डित बस्ती** :– इस बस्ती में मकान एक दूसरे से दूर व पृथक पृथक बने होते है। किन्तु सभी घर मिलाकर बस्ती का निर्माण करते है। अप खंण्डित बस्ती के निर्माण में जाति तथा धर्म का विशेष महत्व होता है। गंगा घाघरा दोआव, उपरीगंगा, के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में ऐसी बस्तियां मिलती है।

(द) **प्रकीर्ण या विखरी हुई बस्तियां** :– इस प्रकार की बस्ती में घर दूर दूर बने होते है। और उनके मध्य में कृषि क्षेत्र होता है।

**(उपरोक्तानुसार सटीक विवरण देने पर पूर्ण 4 अंक प्राप्त होंगे। प्रत्येक बिन्दु के लिए 1 अंक प्राप्त होगा)**

6. आदर्श उत्तर :–

वायु परिवहन का महत्व :–

(अ) वायुयान परिवहन का सबसे गतिशील साधन है। वायुयान के द्वारा विश्व के दूरस्थ स्थानो में भी 65 घंटे से अधिक नही लगते है।

(ब) यह हल्की, कीमती तथा शीघ्र खराब होने वाली वस्तुओं के परिवहन का मुख्य साधन है।

(स) वर्तमान समय में उत्पन्न होने वाली आपदाएं जैसे बाढ़, अकाल, एवं युद्ध आदि के समय राहत कार्य पहुँचाने में वायु परिवहन से सुविधा होती है।

(द) युद्ध में वायु परिवहन को किसी भी देश की सबसे बड़ी शक्ति माना जाता है।

(ड) वायुयान से पर्वतीय, मरूषथलीय व महासागर क्षेत्रों में यात्रा सुगमता से की जा सकती है।

(ण) कृषि में कीटनाशकों के छिड़काव में वायुयान के द्वारा सहायता मिलती है।

**(उपरोक्त बिन्दु के अतिरिक्त अन्य कोई 4 सही बिन्दु लिखने पर प्रत्येक पर 1 अंक तथा 4 सही पर पूर्ण 4 अंक प्राप्त होंगे)**

(अथवा)

**अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लाभ :–**

(अ) इसके द्वारा उपभोक्ताओ को उत्तम एवं सस्ती वस्तुएँ प्राप्त होती है।

(ब) आयात द्वारा उद्योग में लगने वाले कच्चे माल की पूर्ति सम्भव होती है।

(स) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से विभिन्न राष्ट्रो के बीच संबंध सुधरते है, सहयोग, सद्रभावना तथा मित्रता मं वृद्धि होती है।

(द) सूखा व अकाल का सामना आयात द्वारा करने में सफलता मिलती है।

(ड) प्रतिस्पर्धा की भावना से उत्तम कोटी का तथा विभिन्न प्रकार का नये नये रूप में उत्पादन सुलभ होता है।

(ढ़) कोई भी देश किसी वस्तु का आयात तभी करता है जब उसका यहां उत्पादन अधिक मंहगा पड़ता हैं अतः आयात से सस्ता माल मिल जाता है।

**(उपरोक्त में से कोई 4 सही पर पूर्ण 4 अंक प्राप्त होगें।)**

7. **आदर्श उत्तरः– भारत में जनसंख्या वृद्धि को सीमित रखने के सुझाव :–**

(अ) **शिक्षा का प्रचार–प्रायः** आकड़े से प्राप्त जानकारी में यह देखा गया है कि शिक्षित परिवारों मे अशिक्षित परिवारो की तुलना में कम बच्चे होते है। अतः शिक्षा के प्रचार प्रसार करके जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण किया जा सकता है।

(ब) **विवाह की आयु में वृद्धि :–** देश में आज भी बाल विवाह प्रथा चल रही है। फलस्वरूप महिलाओं का प्रजनन काल बढ़ जाता है। जिससे अधिक संख्या में संताने उत्पन्न होती है। अतः बाल विवाह पर सख्ती से कानूनी प्रतिबंध लगाया

जाना आवश्यक है। इसके लिए विवाह की आयु लड़की के लिए 18 वर्ष एवं लड़के के लिए 21 वर्ष को सख्ती से लागू किया जाए।

(स) **परिवार नियोजनः–** परिवार नियोजन के विभिन्न कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार करना संतति काल में अति आवश्यक है। इस कार्यक्रमों को आंदोलन का रूप दिया जाना चाहिए।

(द) **संतति सुधार कार्यक्रम :–** संक्रमण रोगो से ग्रस्त व्यक्तियों के विचार एवं सतानोत्पत्ति पर सख्ती से साथ प्रतिबंध लगाया जाए।

(ड) **सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम :–** देश में वृद्धावस्था,बेरोजगारी, या दुर्घटना से सुरक्षा न मिलने के कारण ही लोग बड़े परिवार की इच्छा रखते हें अतः बृद्धावस्ता पेंशन, बेरोजगारी, भत्ता, वृद्धाश्रम आदि चला कर जन साधारण में सुरक्षा की भावना पैदा की जाए।

(ण) स्वास्थ्य सेवा व मनोरंजन के कार्यक्रमों को उपलब्ध कराया जाए।
**(उपरोक्त सहित अन्य कोई 4 बिन्दु का वर्णन लिखने पर प्रत्येक पर 1 अंक तथा 4 सही पर पूर्ण 4 अंक प्राप्त होंगे)**

(अथवा)

**आदर्श उत्तर :–** भारत की जनसंख्या की विशेषताएँः–

(अ) भारत की जनसंख्या विभिन्न जातियों का मिश्रित समूह है।

(ब) भारत की जनसंख्या में सामाजिक, जातीय वर्गीकरण पाया जाता है। जैसे ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य तथा सूद्र

(स़) लिंग अनुपात में अंतर पाया जाता है। यहाँ प्रति हजार पुरूष पर 933 स्त्रियों का अनुपात है।

(द) 54.4 प्रतिशत लोक अर्जक जनसंख्या में आते है। इससे अर्जक जनसंख्या पर अधिक भार पढ़ता है।

(ड) भारत विभिन्न धर्मावलम्बी लोगो एवं भाषा भाषी लोगो का देश है।

(ण) देश की जनसंख्या की वृद्धि दर अधिक है।

**(उपरोक्तानुसार कोई 4 बिन्दुओ वर्णन लिखने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक तथा 4 सही पर 4 अंक प्राप्त होंगे।)**

8. आदर्श उत्तर :– 5 अंक

प्रतिरक्षा नगर एवं धार्मिक नगर से आशय एवं अंतर का उदाहरण द्वारा स्पष्टीकरण :–

| क्र | प्रतिरक्षानगर | | धार्मिकनगर |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रत्येक देश अपनी सेना रखता है, सैनिक प्रशिक्षण एवं सैनिक कार्यो हेतु जिन नगरों में छावनियां बनाई जाती है उन्हें प्रतिरक्षानगर कहते है। | 1. | जिन नगरों के विकास में मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। व उनके चारो ओर नगर बस गए है वे धार्मिक नगर कहलाते है। |
| 2. | प्रति रक्षा नगरों में अस्त्र शस्त्र निर्माण, परीक्षण, सुरक्षा आदि कार्य किये जाते है। | 2. | इन नगरो के विकास में सामाजिक संगठन पर धर्म का प्रभाव अधिक होता है। |
| 3. | इन नगरों कें विभिन्न प्रकार की सेवाओं की आवश्यकता होती है। फलस्वरूप वहाँ का व्यवसाय धीरे धीरे बढ़ता जाता है। | 3 | धार्मिक आस्था के कारण दूर दूर के लोग वहां आते है। जिससे व्यापार बढ़ता जाता है। कई व्यवसायी वहां आकार बस जाते है वह स्थान प्रगति करता जाता है। |
| 4. | अम्बाला, मेरठ, जबलपुर, पूना, मऊ, अलीगढ़, नागपुर, झॉसी, आगरा, आदि प्रतिरक्षा नगर है। | 4. | वारासाणी, हरिद्वार, मथुरा, उज्जैन, पुरी रामेश्वर, अमृतसर, अजमेर आदि धार्मिक नगर है। |

**(उपरोक्तानुसार वर्णन लिखने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक तथा 4 सही पर 4 अंक प्राप्त होंगे।)**

(अथवा)

आदर्श उत्तर :–

नगर ही विभिन्न व्यावसायिक गति विधियों के केन्द्र होते है। कथन का स्पष्टीकरणः– नगरों का जन्म व विकास विभिन्न कार्यो से होता है। फलस्वरूप अपनी स्थिति, उसमें रहने वाले निवासियों की रूचि तथा जीवन यापन के लिए अपनाए गये विभिन्न व्यवसायों के कारण अनेक व्यवसायों के केन्द्र बन जाते है। उद्योग, व्यापार, वाणिज्य, उच्च सेवाओं की उपलब्धता और प्रशासनिक कार्यालयों की स्थापना से ये एक ही समय में परिवहन नगर, खनिज केन्द्र, शिक्षा ओर स्वास्थ्य व प्रशासनिक नगरों का स्वरूप धारण करते लेते है।

**(उपरोक्तानुसार वर्णन लिखने पर 4 अंक प्राप्त होंगे।)**

9. आदर्श उत्तर :–

आंतरिक व तटवर्तीय जल परिवहन में अंतर :–

| क्र | आंतरिक जल परिवहन | | पटवर्तीय जल परिवहन |
|---|---|---|---|
| 1. | आंतरिक जल परिवहन का मुख्य माध्यम नदिंया है। | 1. | इसका मुख्य माध्यम समुद्र का तटवर्ती क्षेत्र है। |
| 2. | इसमें अनिश्चित जल स्तर होता है। | 2. | इस परिवहन में इस प्रकार की समस्या नही होती है। |
| 3. | आंतरिक जल परिवहन में नहरें कम गहरी होती हे। | 3 | तटवर्ती जल परिवहन में अपार जल राशि होती है। |
| 4. | इसमें पुल बाधाएं उपस्थित करते है। | 4. | इसमें पुल जैसी बांधाएं नही होती है। |
| 5 | नदी तल में अवसादो के जमाव होने से नौका संचालन में कठिनाई होती हे। | 6. | तटवर्तीय जल परिवहन में यह समस्या नही होती है। |

**(उपरोक्त सहित अन्य कोई 4 अंतर लिखने पर प्रत्येक पर 1 अंक तथा 4 सही पर पूर्ण 4 अंक प्रज्ञपत होगें।)**

(अथवा)

आदर्श उत्तर :–

भारत में सड़कों की समस्याएं :–

(1) सड़क संबंधी कायदे कानून सभी राज्यों में एक समान एवं सरल नही है।

(2) सड़क परिवहन में कर की दरें ऊंची हैं।

(3) भारत की अधिकांश सड़कें कच्ची है, जिसके कारण इन पर वर्ष भर आवागमन नहीं किया जा सकता, क्योंकि वर्षा के समय क्षतिग्रस्त होने से गांवों का संबंध सड़क से कट जाता है।

(4) मजबूती की दृष्टि से भारतीय सड़कें उतनी टिकाऊ नहीं हैं जितनी टिकाऊ पश्चिमी देशों की होती हैं।

(5) भारतीय सड़कों में परिवहन की भार व यात्री ढोने की कार्यकुशलता न्यूनतम है।

(6) सड़कों के अनुपात में उस पर चलने वाले वाहनों की संख्या बहुत कम है।

(उपरोक्त सहित अन्य कोई 4 बिन्दु लिखने पर प्रत्येक पर 1 अंक तथा 4 बिन्दु पर पूर्ण अंक प्राप्त होंगे)

10. भूमि की गुणवत्ता घटने के कारण :— 5 अंक

(1) मृदा अपरदन :— मृदा अपरदन से प्रतिवर्ष लाखों मीट्रिक टन उपजाऊ मिट्टी बह जाती है इससे भूमि की उपजाऊ क्षमता कम होती जाती हैं

(2) मृदा में सूक्ष्म जीवों का घटना :— कृषि में उत्पादन वृद्धि हेतु रासायनों व कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि की उर्वरता बढ़ाने वाले जीव जन्तु जैसे कंचुआ, केंकड़ा, मेंढक आदि मर जाते है। अतः भूमि की प्रक्रिया मंद पड़ती जाती है।

(3) नमी की कमी :— भूमिगत जल संसाधनों का अधाधुन्ध उपयोग तथा वनस्पति के विदोहन ने जल स्तर को गिरा दिया है जिसके कारण भूमि अधिक कठोर व भूमि में नमी की मात्रा कम होती जा रही है।

(4) हानिकारक तत्वों का संकेन्द्रण :— नगरीय उपशिष्टों रासायनिक व कीटनाशकों के प्रयोग के कारण भूमि में हानिकारक तत्वों की मात्रा बढ़ती जा रही है, जो भूमि की उर्वरता बढ़ाने वाले तत्वों को नष्ट करते जा रहे हैं।

(5) भूमि का अत्याधिक विदोहन से पौधें के पोषक तत्वों में कमी होती जा रही है जिससे भूमि की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

(6) अति सिंचाई के कारण उत्तरी मैदानी भागों में लवणीय एवं क्षारीय भूमि में वृद्धि होती जा रही है।

(7) उद्योगों एवं नगरों के अपशिष्टों के विषैले रासायनिक पदार्थ आस—पास के क्षेत्रों की मृदा में मिलकर उसे प्रदूषित कर देते हैं।

(उपरोक्तानुसार कोई चार सही बिन्दु लिखरने पर प्रत्येक पर 1 अंक तथा 4 सही परपूर्ण 4 अंक प्राप्त होंगे।)

अथवा

गरीबी दूर करने के उपाय

(1) शिक्षा का विस्तार :– गरीबी दूर करने हेतु देश में रोजगार पूरक शिक्षा अनिवार्य किया जाए ताकि लोग अपने जीवन यापन के लिए उसका लाभ उठा सकें।

(2) जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण :– गरीबी दूर करने हेतु देश में जनसंख्या की वृद्धि में नियंत्रण करना अनिवार्य है। जिससे इनका जीवन स्तर ऊंचा हो सके।

(3) लघु व कुटीर उद्योग का विकास – भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लघु व कुटीर उद्वोगों का विकास किया जाए जिससे लोगों को वर्ष भर रोजगार उपलब्ध हो सकेगा जो गरीबी दूर करने में सहायक है।

(4) सिंचाई के साधनों में वृद्धि– वर्षा की अनिश्चितता के फलस्वरूप सूखा, बाढ़, अकाल की स्थिति निर्मित होती है जिसे दूर करने के लिए सिंचाई की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध करायी जाए जिससे लोगों को वर्ष भर रोजगार उपब्ध हो सके और उनका जीवन स्तर ऊपर उठे।

(उपरोक्त सहित अन्य कोई 4 बिन्दु वर्णन सहित लिखने पर प्रत्येक पर 1 अंक तथा 4 सही पर पूर्ण 4 अंक प्राप्त होंगे।)

11. ''अमेजान नदी बेसिन क्षेत्र मलेशिया से पिछड़ गया है'' निम्न प्रकार से स्पष्ट है :– 5 अंक

समान भौगोलिक दशाओं एवं समान संसाधन होने पर भी मानवीय आवश्यकताओं एवं महत्वकांक्षांओं के कारण कोई क्षेत्र अधिक विकास कर पाता है और दूसरे क्षेत्र पिछड़े रह जाते है। जैसे अमेजन नदी बेसिन व मलेशिया। दोनों ही क्षेत्रों में भूमध्य रेखीय जलवायु तथा सघन वन पाये जाते हैं, पर

मलेशिया अंग्रेजों के प्रयास के फलस्वरूप रबड़ बागवानी के कारण अमेजन नदी बेसिन की अपेक्षा अधिक विकास कर गया है। मलेशिया में पूंजी, श्रम, संगठन तथा रबड़ निर्यात करने की इच्छा के फलस्वरूप इसका विकास हुआ है। जबकि अमेजन नदी बेसिन इसके अभाव में आज भी पिछड़ा है।

(उपरोक्तानुसार सही वर्णन लिखने पर पूण्र 5 अंक प्राप्त होंगे।)

अथवा

जनसंख्या की तीव्र वृद्धि के फस्वरूप विकास पर पढ़ने वाले प्रभाव :–

(1) कृषि भूमि पर अत्याधिक दबाव – जनसंख्या की तीव्र वृद्धि के कारण कृषि भूमि निरन्तर छोटे–छोटे टुकड़ों में बंटती जाती है तथा उत्पादन क्षमता कम हो जाती है।

(2) प्राकृतिक संसाधनों का तीव्रता से शोषण :– जनसंख्या वृद्धि से प्राकृतिक साधनों का तीव्र गति से शोषण होने लगता है इससे साधनों की कमी हो जाती है। मकान, भोजन, वस्त्र आदि की समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं।

(3) प्रति व्यक्ति कम आय :– जनसंख्या की तीव्र वृद्धि के फलस्वरूप प्रति व्यक्ति आय कम हो जाती है राष्ट्रीय आय बढ़ने पर भी राष्ट्रीय आय में वृद्धि नहीं पाती है।

(4) बेरोजगारी में वृद्धि :– जनसंख्या की वृद्धि से आज प्रत्येक व्यक्ति को काम दे पाना एक बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है। फलतः बेरोजगारी में वृद्धि हो रही है।

(5) जीवन स्तर में गिरावट :– जनसंख्या बढ़ने से वस्तुओं एवं सेवाओं की कमी हो जाती है जिसके परिणाम स्वरूप जीवन स्तर नीचे गिरता है।

(6) शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं में कमी, पर्यावरण प्रदूषण में वृद्धि आदि अनेक समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं।

(उपरोक्त सहित अन्य कोई सही 5 बिन्दुओं का वर्णन करने पर प्रत्येक पर 1 अंक तथा 5 सही पर 5 अंक)

12. कुटी उद्योग एवं वृहत् उद्योग में अंतर 5 अंक

लघु एवं वृहत उद्योग में अंतर

| लघु उद्योग | | वृहत उद्योग |
|---|---|---|
| 1. | कुटीर उद्योग परिवार के सदस्यों द्वारा उनकी दक्षता के आधार पर चलाये जाते हैं। | 1. वृहत उद्योग अधिक संख्या में श्रमिकों की सहायता से चलाये जाते हैं। |
| 2. | इन उद्योगों में पूंजी बहुत कम या नाम मात्र की लगती है। | 2. इनमें अधिक पूंजी की आवश्यकता होती है। |
| 3. | ये छोटे पैमाने के उद्योग होते हैं। | 3. ये बड़े पैमाने के उद्योग होते हैं। |
| 4. | इनमें वस्तु की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। | 4. इनमें वस्तु की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। |
| 5. | इनमें स्थानीय सामग्री से उत्पादन किया जाता है। | 5. इनमें स्थानीय कच्चे माल तथा बाहर से आयतित कच्चे माल से उत्पादन होता है। |
| 6. | इन उद्योगों में मशीनों का प्रयोग कम या नहीं के बराबर होता है। | 6. इन उद्योगों में अतिआधुनिक एवं ऊर्जा से चलने वाली स्वचलित मशीनों का प्रयोग होता है। |
| 7. | इनमें टोकरी बनाना, मिट्टी के बर्तन बनाना, चूड़ियां बनाना आदि शामिल है। | 7. इनमें जूट उद्योग, सूती वस्त्र उद्योग, लौह इस्पात उद्योग आदि शामिल हैं। |
| 8. | इन उद्योग का प्रबंध साधारण होता है, उत्पादन की दक्षता पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानांतरित होती है। | 8. इन उद्योगों का प्रबंध जटिल होता है। |

(उपरोक्त सहित कोई अन्य 5 सही अंतर लिखने पर प्रतयेक पर 1 अंक तथा 5 सही पर पूर्ण 5 अंक प्राप्त होंगे)

अथवा

जीविकोपार्जन कृषि से आशय एंव उसकी विशेषताए –

फसलें स्थानीय आवश्यकता की पूर्ति के लिए ही उत्पन्न की जाती है। इस कृषि का मुख्य उद्देश्य भूमि के उत्पादन से अधिक से अधिक जनसंख्या का भरण पोषण करना है।

(1) आर्द्र प्रदेशों में चावल, आर्द्र–शुष्क प्रदेशों व सिंचाई वाले भागों में, गेहूं, मोटे, अनाज तिलहन तथा सोयाबीन की फसलें उत्पन्न की जाती हैं।

(2) इस कृषि में साधारण औजारों का प्रयोग तथा मानवीय श्रम को अधिक महत्व दिया जाता है।


(3) अधिकतम उत्पादन लेने का प्रयास किया जाता है, इसके लिए मिट्टी में उर्वरता बनाये रखने हेतु खाद तथा उर्वरकों का प्रयोग किया जाता है।

(4) अधिकांश उपजाऊ भूमि में कृषि की जाती है। अतः चारागाहों का अभाव हो जाता है, जिससे पशु पालन कम हो जाता है।

(5) खेत प्रायः छोटे आकार के होते हैं तथा वर्ष में एक, दो तीन तथा चार–चार फसलें तक पैदा की जाती हैं।

(उपरोक्तानुसार आशय लिखने पर 1 अंक तथा कोई चार सही बिन्दुओं का वर्णन करने पर 4 अंक प्राप्त होंगे )

13. विश्व के मानचित्र 6 अंक





(1) केप काहिरा रेलमार्ग (2) पनामा नहर

(3) मैक्सिको की खाड़ी (4) कोलकाता बन्दरगाह

(5) पर्थ नगर

(उपरोक्त को सही अंकित करने पर प्रत्येक के लिए 1 अंक प्रदान करें)

अथवा




| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | नील नदी | (2) | हिन्द महासागर |
| (3) | सिंगापुर | (4) | न्यूयार्क से लंदन मार्ग |
| (5) | आस्ट्रेलिया ट्रांस कॉन्टिनेण्टल रेल मार्ग | | |

(उपरोक्त को विश्व के मानचित्र में सही–सही अंकित करने प प्रत्येक के लिए 1 अंक तथा सभी सही होने पर कुल 5 अंक प्राप्त होंगे।

14. आदर्श उत्तर :–

चाय की उपज के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाएः–

(अ) **जलवायुः–** चाय की उपज के लिए उष्ण आर्द्र जलवायु उत्तम रहती है।

(ब) **तापमान :–** $25^0$ से $30^0$ सेल्सियस तक उच्च तापमान चाय उपज के लिए आवश्यक होता है। तथा पाला इसके लिए हानिकारक है।

(स़) **वर्षा** :– चाय की उपज के लिए 150 से.मी. 200 से.मी वार्षिक वर्षा अनुकूल होती है। पूरे मौसम में रूक रूक कर वर्षा होना कुहरा एवं धुंध का मौसम लाभकारी होता है। जो सूर्य की तेज किरणों से चाय की कोमल पत्तियों की रक्षा करती है।

(द) **मृदा** :– इसके लिए गहरी, उपजाऊ फॉस्फारेस जीवांश तथा लोहांश युक्त मृद्रा श्रेष्ठ होती है।

(ड) **भूमि** :– चाय के पौधो को तैयार करना, पंक्तियां चुनना, सुखाना, एवं डिब्बों में बंद करना आदि के लिए अधिक संख्या में सस्ते व कुशल श्रमिकों की आवश्यकता होती है। इस कार्य को ज्यादातर स्त्रियाँ व बच्चे करते हे।

(उपरोक्तानुसार को स्पष्ट करने पर 1 अंक तथा 5 पर पूर्ण 5 अंक प्राप्त होगें।)

(अथवा)

**उद्योगो की स्थापना पर प्रभाव डालने वाले प्रमुख कारण :–**

(1) **कच्चा माल** :– उद्योगों के लिए कच्चे माल की उपलब्धता आवश्यक हैं इसके अभाव में उद्योग स्थापित नही हो पाते है। जैसे मुम्बई में सूती वस्त्र उद्योग की स्थापना का प्रमुख कारण कपास उत्पादन क्षेत्र की निकटता हैं

(2) **शक्ति के साधन** :– उद्योगो में मशीनो को चलाने हेतु ऊर्जा की आवश्यकता होती ह। अतः उद्योगो की स्थापना शक्ति के साधनो की प्राप्ति के समीप स्थानों में ही की जाती है। जैसे जमशेदपुर लौह–स्पात उद्योग की स्थापना छोटा नागपुर पठार कोयला क्षेत्र की समीपता के कारण हुई है।

(3) **पूंजी एवं बाजार** :– उद्योगो को चलाने हेतु भारी मात्रा में पूंजी तथा तैयार माल को बेचने के लिए बाजार की आवश्यकता होती है कोलकाता में उद्योगों के विकास के कारण पूंजी एवं बाजार की सुविधा का पाया जाना है।

(4) **प्रचुर जलापूर्ति** :– उद्योगों के लिए जल एक महत्वपूर्ण आवश्यक तत्व है। हुगली नदी के किनारे जूट उद्योग के स्थानीयकरण का मुख्य कारण पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ जल का पाया जाना है।

(5) **परिवहन या यातायात के साधन** :– कच्चे माल एवं तैयार माल को उद्योगों तक लाने एवं बाजारों तक पहुंचाने के लिए परिवहन सुविधा उद्योगों के लिए अनिवार्य आवश्यकता है। अतः जो स्थान सभी प्रकार के जल, थल एवं वायु मार्गों की सुविधा से सम्पन्न होते हैं वे स्थान उद्योगों की स्थापना व विकास के लिए आदर्श वातावरण तैयार करते हैं। मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई सभी प्रकार के जल, थल व वायु मार्गों से सम्पन्नता के कारण वृहत् औद्योगिक क्षेत्र बन गये हैं।

(6) **श्रम उपलब्धता** :– श्रम की उपलब्धता उद्योगो के स्थानीयकरण पर प्रभाव डालता है। जो उद्योगश्रम प्रधान होते है। वे अधिक जनसंख्या वाले क्षेत्रों में स्थापित होते है, जैसै चूड़ी, व कॉच का सामान बनाने वाला उद्योग अधिक जनसंख्या के कारण फिरोजाबाद में स्थापित हुआ है।

(7) **अन्य कारण** :– जैसे जलवायु उच्चवच राजस्व, सुविधा, शासकीय नीति, कुशल प्रबंध आदि का भी उद्योगो की स्थापना पर प्रभाव पढ़ता है।

**(उपरोक्त तथा अन्य कोई सही बिन्दुओं में से 5 बिन्दु लिखने पर 1½ अंक तथा वर्णन सहित 5 बिन्दु लिखने पर प्रत्येक पर 1 अंक तथा 5 सही पर 5 अंक प्राप्त होंगे)**

15. आदर्श उत्तर :–

दूरियों को कम करने में संचार साधनों का योगदान संचारके नवीनतम संसाधन टेलीविजन, कृत्रिमउपगृह टेलेक्स, फैक्स आदि है, टेलीविजन के माध्यम से हम विश्व के किसी भी स्थान पर घटित हो रही घटनाओं को घर बैठे देख सुन सकते है। कृत्रिम उपगृहों को किसी विशेष प्रयोजन के लिए अंतरिक्ष में राकेटों की सहायता से स्थापित करते है। इनके माध्यम से हम मौसम संबंधी सैनिक गतिविधियों संबंधी, खनिज संसाधन संबंधी जानकारी चित्र सहित प्राप्त करते हैं टेलैक्स तार द्वारा संदेश भेजने का संशोधित रूप है। फैक्स के माध्यम से हम पत्रों, चित्रों संदेशों को उसी रूप में अन्य स्थान पर भेज सकते हैं। ये सभी साधन खर्चीले है। परन्तु इनके माध्यम से संदेश शीघ्र व गोपनीय तरीके से पहुंचते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि इनके माध्यमों से विश्व के किसी भी

क्षेत्र की जानकारी कुछ ही क्षणों में प्राप्त कर सकते हैं या देख सकते हैं। या बात कर सकते हैं जिससे यह कहना गलत नहीं होगा कि विश्व सिमटकर छोटा होता जा रहा है।

उपरोक्तानुसार विस्तार देने पर पूर्ण 5 अंक प्राप्त होंगे।

अथवा

भारत में जल परिवहन का महत्व :–

(1) **परिवहन का सबसे सस्ता साधन** :– इसमें न तो रेल की पटरिया बिछानी पड़ती हैं और न ही सड़कें बनानी पड़ती हैं। सड़कों व रेलमार्गों के रखरखा की भांति जल मार्गों पर कोई व्यय नहीं करना पड़ता। भार ढोने में सबसे कम खर्च बैठता है।

(2) **भार ढोने की अधिक क्षमता** :– रेलों व सड़कों की तुलना में नावों व जलयान में भार ढोने की क्षमता बहुत अधिक होती है। यह अपनी भार क्षमता से 6 गुने भार को ढो सकते हैं।

(3) **जल मार्ग बनाने में कोई व्यय नहीं होता** :– एक कि.मी. रेलमार्ग बनाने में 15.20 लाख रूपये और एक कि.मी. सड़क मार्ग बनाने में 5 लाख रूपये से अधिक खर्च करना पड़ता है। वहीं जलमार्ग बनाने में कोई खर्च नहीं करना पड़ता है। यह प्रकृति द्वारा निःशुल्क प्रदत्त साधन है।

(4) **भारी व थोक ढुलाई में उपयुक्त** :– जलमार्ग अन्य साधनों की तुलना में भारी व थोक ढुलाई के लिए अधिक अनुकूल व सस्ता होता है।

(5) **देश की उन्नति में सहायक** :– विदेशी व्यापार का सबसे बड़ा, सुगम और सरल साधन समुद्री मार्ग ही है। जल मार्गों से ही आयात व निर्यात किया जाता है।

(6) **अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के विकास में सहायक** :– अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का प्रारंभ और उसका विकास समुद्री मार्गों के कारण ही सम्भव हो सका है। रेलों, सड़कों, व वायुमार्गों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का इतना विकास कदापि संभव नहीं हो सकता था।

(उपरोक्त में से 5 बिन्दुओं का विस्तार देने पर पूर्ण 5 अंक प्राप्त होंगे। प्रत्येक पर 1 अंक प्राप्त होगा।)

16 सदाबहार वन व पतझड़ वनों (मानसूनी वन) में अंतर 6 अंक

| | सदाबहार वन | | मानसूनी वन |
|---|---|---|---|
| 1. | ये वन 200 से.मी. से अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में पाये जाते हैं। | 1. | ये वन 75 से 200 से.मी. तक वर्षा वाले क्षेत्रों में पाये जाते हैं। |
| 2. | इन वनों में वृक्षों की ऊंचाई 50 मीटर से भी अधिक होती है। | 2. | इनवनों में वृक्षों की ऊंचाई 30 से 45 मी. तक होती है। |
| 3. | इन वनों में वृक्ष अधिक सघन होते हैं। | 3. | ये वन सदाबार वनों की भांति सघन नहीं होते हैं। |
| 4. | इन वनों के वृक्षों की लकड़ी कठोर होती है। | 4. | इन वनों के वृक्षों की लकड़ी इमारती व मूल्यवान होती है। |
| 5. | इन वनों का आर्थिक महत्व कम है। | 5. | ये वन आर्थिक दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण हैं। |
| 6. | ये वन वर्षभर हरे भरे रहते हैं। | 6. | इन वनों के वृक्ष शुष्क व ग्रीष्म काल में अपनी सभी पत्तियां एक साथ गिरा देते हैं। |
| 7. | इन वनों के प्रमुख वृक्ष रबर, महोगनी, इबोनी, ताड़, आबनूस, बांस आदि है। | 7. | इन वनों के मुख्य वृक्ष साल, सागौन, शीशम, आंवला, आम चंदन आदि हैं। |
| 8. | सदाबहार वन सघनता के कारण आवागमन हेतु दुर्गम होते हैं। | 8. | मानसूनी कम सघन होने के कारण आवागमन के लिए सुगम होते हैं। |

(उपरोक्तानुसार सटीक कोई 5 अंतर लिखने पर प्रत्येक पर 1 अंक तथा 5 पर 5 अंक प्राप्त होंगे )

अथवा

पशु संसाधनों का महत्व :—

(1) कृषि कार्य में सहायक कृषि में पशुओं का महत्वपूर्ण योगदान है जैसे हल खींचने, बेलगाड़ी खींचने, बोझा ढोने, गन्ने की चरखियां पेरने, कुओं से पानी खींचने आदि कार्यों में पशुओं का उपयोग किया जाता है। जानकारी

के अनुसार 1,185 करोड़ कार्यशील घण्टे प्रतिवर्ष पशु शक्ति से प्राप्त किए जाते हैं।

(2) दुग्ध की प्राप्ति–पशुओं से उत्तम पौष्टिक पदार्थ दूध प्राप्त होता है। दूध का उत्पादन 1984–85 में 380 लाख टन था।

(3) पशुओं से चमड़ा व खाल प्राप्त होता है उनसे विभिन्न प्रकार की सामग्रीतैयार की जाती है।

(4) गोबर एवं खाद – पशुओं के गोबर से उत्तम खाद तथा गोबर गैस का उत्पादन होता है तथा कंडे भी प्राप्त होते हैं। 1984–85 में लगभग 80 करोड़ टन खाद पशुओं से प्राप्त किया गया था।

(5) ऊन की प्राप्ति – भेड़ों से ऊन प्राप्त होता है ऊन का उपयोग कपड़े, कम्बल गलीचे आदि बनाने में किया जाता है। 2002–03 में 5 करोड़ 18 लाख कि.ग्रा. ऊन का उत्पान हुआ था।

(6) मांस की प्राप्ति – पशुओं से मांस की प्राप्ति होती है। मांस बहुत बड़ी जनसंख्या का मुख्य खाद्य पदार्थ है। 1984–85 में दस लाख टन मांस पशुओं से प्राप्त हुआ था।

(7) राष्ट्रीय आय का स्त्रोत – देश की कुल राष्ट्रीय आय का 23% भगा पशु धन से प्राप्त होता है।

(8) हड्डियों एवं सींगों की प्राप्ति :– मृत पशुओं से हड्डियों एवं सींग की प्राप्ति होती है।

(9) परिवहन के अच्छे साधन–पशु परिवहन के अच्छे साधन होते हैं। जैसे– बोझा ढोने, सवारी करने में बैल, घोड़ा, खच्चर, गधे, ऊंट भैंसे आदि का उपयोग किया जाता है।

(उपरोक्त में से कोई 6 बिन्दुओं का विस्तार लिखने पर 6 अंक प्राप्त होंगे। प्रत्येक बिन्दु पर ½ अंक तथा विस्तार सहित लिखने पर 1 अंक तथा 6 बिन्दुओं को विस्तार सहित लिखने पर 6 अंक प्राप्त होंगे।